चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

पत्रांक : परीक्षा/1706
दिनांक : 12.02.2020

विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय की वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत संचालित समस्त संस्थागत एवं व्यक्तिगत पाठ्यक्रमों की मुख्य परीक्षा–2020 की परीक्षाये दिनांक 22.02.2020 से प्रारम्भ होनी हैं।

समस्त पाठ्यक्रमों के ऐसे छात्र/छात्रा जिनके द्वारा उपरोक्त सन्दर्भित परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्मो को ऑनलाईन भरा जा चुका है परन्तु परीक्षा फार्म शुल्क जमा नहीं कर पाये हैं। ऐसे छात्र/छात्राऐं दिनांक 14.02.2020 एवं 15.02.2020 तक (केवल दो दिवस) ऑनलाईन परीक्षा फार्म शुल्क अधिकृत पोर्टल पर जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् परीक्षा फार्म शुल्क जमा किये जाने पर विचार नही किया जायेगा।

उक्त के अतिरिक्त विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय/संस्थानों से यह भी अनुरोध है कि ऐसे सन्दर्भित छात्र/छात्राऐं जिनके द्वारा परीक्षा फार्म भरकर ऑनलाईन परीक्षा शुल्क जमा कर दिया गया है, ऐसे अर्ह परीक्षा फार्मो को महाविद्यालय/संस्थान दिनांक 18.02.2020 तक जॉचोपरान्त ऑनलाईन सत्यापन करते हुए विश्वविद्यालय को प्रेषित/अग्रसारित कर सकते हैं।

नोटः– समस्त व्यक्तिगत पाठ्यक्रमों में सीटों की उपलब्धता के आधार पर ही सन्दर्भित छात्र/छात्राओं को महाविद्यालय आवंटित किया जायेगा।

12/02/2020
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :

1. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
3. वैयक्तिक सहायक–प्रति कुलपति को, माननीय प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।
4. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
5. वैयक्तिक सहायक– परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ प्रेषित।
6. वैयक्तिक सहायक– वित्त अधिकारी को, वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ प्रेषित।
7. लेखाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।
8. उपकुलसचिव (गोपनीय/लेखा/सामान्य/कमैटी सैल/अति गोपनीय विभाग)।
9. समस्त अनुभाग, प्रभारी, परीक्षा विभाग/पूछताछ केन्द्र/सूचना पट।
10. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
11. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट को सूचनार्थ एवं विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु अनुरोध।
12. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत कम्पनी को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त समस्त पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्मो को विश्वविद्यालय नियमानुसार ही भरवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

12/02/2020
परीक्षा नियंत्रक